RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 अंक- 45 भीलवाड़ा, सोमवार, 11 मई 2026 पृष्ठ-04 मूल्य-04 रूपये

# केरलम में आज सतीशन लेंगे CM पद की शपथ, राहुल-प्रियंका होंगे शामिल

## 20 मंत्रियों के साथ बनेगी नई सरकार, तिरुवनंतपुरम में होगा भव्य शपथ ग्रहण समारोह

▪ स्मार्ट हलचल

तिरुवनंतपुरम । केरल में आज नई सरकार का औपचारिक गठन होने जा रहा है। कांग्रेस नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की जीत के बाद वीडी सतीशन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ 20 मंत्री भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजधानी तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष Rahul Gandhi और कांग्रेस महासचिव Priyanka Gandhi Vadra भी समारोह में शामिल होंगे। कांग्रेस की सत्ता में वापसी को राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

कांग्रेस नेतृत्व ने कुछ दिन पहले ही वीडी सतीशन के नाम की आधिकारिक घोषणा की थी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम भी चर्चा में थे, लेकिन अंततः पार्टी ने सतीशन पर भरोसा जताया।







नई कैबिनेट को लेकर भी अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार मंत्रिमंडल में कई नए चेहरों को मौका दिया गया है। कांग्रेस और सहयोगी दलों के बीच विभागों को लेकर भी सहमति बन चुकी है।

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी तिरुवनंतपुरम में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बड़ी संख्या में समर्थकों और नेताओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं।

हालांकि पहले ऐसी चर्चाएं थीं कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय भी समारोह में शामिल हो सकते हैं, लेकिन बाद में रिपोर्ट सामने आई कि उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया।


# NEET पेपर लीक मामले पर राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर हमला, CBI ने 9वीं आरोपी मंधारे को हिरासत में लिया

▪ स्मार्ट हलचल

### शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग, पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

दिल्ली । नीट (NEET-UG 2026) परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर देशभर में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष Rahul Gandhi ने प्रधानमंत्री Narendra Modi पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर पोस्ट करते हुए केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से जवाब मांगा।

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी से तीन प्रमुख सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि बार-बार परीक्षा लीक और गड़बड़ियों के बावजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्री Dharmendra Pradhan को अब तक पद से क्यों नहीं हटाया गया। इसके साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ बार-बार खिलवाड़ क्यों हो रहा है और प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर लगातार चुप क्यों हैं।




राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि करीब 22 लाख छात्रों की मेहनत इस कथित पेपर लीक से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

इधर मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने कार्रवाई तेज कर दी है। जांच एजेंसी ने इस मामले में गिरफ्तार पुणे की शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली कोर्ट में पेश किया, जहां अदालत ने उसे 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। जांच एजेंसी का आरोप है कि मंधारे परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी थीं और कथित रूप से गोपनीय जानकारी लीक करने में शामिल थीं।

CBI के अनुसार, जांच में कई राज्यों में फैले एक बड़े नेटवर्क के संकेत मिले हैं। आरोप है कि कथित "गेस पेपर" और प्रश्नपत्र से जुड़ी सामग्री लाखों रुपये में बेची गई। इस पूरे मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और एजेंसी विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर रही है।

नीट-यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बाद इसे रद्द कर दिया गया। बाद में केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) भी इस मामले को लेकर लगातार सवालों के घेरे में है।

देशभर में छात्रों और अभिभावकों के बीच इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। कई छात्र संगठनों और राजनीतिक दलों ने निष्पक्ष जांच तथा परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग उठाई है।

# केसरपुरा में नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का किया लोकार्पण, ग्राम विकास चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

▪ स्मार्ट हलचल

### गांव चौपाल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सुनी

अजमेर/ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को संसदीय क्षेत्र अजमेर की ग्राम पंचायत केसरपुरा में आयोजित नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण समारोह एवं ग्राम विकास चौपाल में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण जनों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने ग्राम पंचायत केसरपुरा के ग्रामवासियों द्वारा दिए गए स्नेह, आत्मीय स्वागत एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ग्रामीण विकास एवं खेती-किसानी को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास रथ अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंच रही है, जिससे आमजन योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से प्राप्त कर रहे हैं।

चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के कारण खेती लाभकारी क्षेत्र के रूप में विकसित हो रही है तथा किसानों की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।

वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने के लिए आह्वान केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने वैश्विक स्तर पर उत्पन्न ऊर्जा एवं आर्थिक संकट का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं एवं आमजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुरूप पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी का यथासंभव न्यूनतम उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संकट केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सामने है और ऐसे समय में सभी देशवासियों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जैसा मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व देश को प्राप्त है तथा उनके मार्गदर्शन में भारत इन चुनौतियों का मजबूती से सामना करेगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, ग्राम पंचायत केसरपुरा के सरपंच शक्तिसिंह रावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर, 19 जिलों में लू का अलर्ट

▪ स्मार्ट हलचल

जयपुर । राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार तेज होता जा रहा है। राज्य के पश्चिमी और उत्तरी इलाकों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव (लू) को लेकर अलर्ट जारी किया है। दिन के साथ-साथ अब रातें भी गर्म रहने लगी हैं, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार आगामी दिनों में राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। बाड़मेर, फलोदी, जैसलमेर और बीकानेर जैसे क्षेत्रों में गर्म हवाओं का असर अधिक देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिसे 'वार्म नाइट' की स्थिति कहा जाता है। इसके कारण लोगों को रात के समय भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। राज्य में बढ़ती गर्मी के कारण बिजली और पानी की मांग में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।



# बिजली विभाग की घोर लापरवाही: करंट लगने से होनहार युवक किशन लाल गुर्जर की मौत

## गुंदली में 11 हजार KV लाइन का तार टूटने से भीषण हादसा:: पूर्व सरपंच के बेटे की मौके पर ही मौत, एक दर्जन झुलसे, 70 घरों के उपकरण जलकर राख

## परिजनों ने लगाया लाइनमैन पर नशे में धुत रहने का आरोप

▪ स्मार्ट हलचल

**गुरला**:-बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही के कारण गांव गुन्दली में एक होनहार युवक, किशन लाल गुर्जर की करंट लगने से असमय मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार और स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि यह महज़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सीधे तौर पर हत्या है।

### नशे में धुत लाइनमैन ने नहीं काटी बिजली

मृतक के भाई और परिजनों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, किशन लाल को करंट लगने के तुरंत बाद ग्रामीणों ने लाइनमैन से संपर्क किया। हादसे के बाद कई बार फोन करके और व्यक्तिगत रूप से लाइनमैन से बिजली काटने की गुहार लगाई गई,



ताकि युवक की जान बचाई जा सके। आरोप है कि इसके बावजूद लाइनमैन ने बिजली नहीं काटी। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो लाइनमैन कथित तौर पर भारी नशे की हालत में धुत्त पाया गया।

उम्मेदसिंह राणावत ने बताया कि शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि करीब 11 बजे गुंदली गांव में यह दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। घरों की छतों के ऊपर से निकल रही 11 हजार केवी बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर गिर गया। उस समय भीषण गर्मी के कारण छत पर सो रहे पूर्व सरपंच मांगीलाल गुर्जर के बेटे किशन लाल गुर्जर करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि किशन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आस-पास के घरों में मौजूद लगभग एक दर्जन लोग भी करंट की चपेट में आने से झुलस गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया और चीख-पुकार शुरू हो गई।

### परिजनों ने उठाए गंभीर सवाल

शोक संतप्त परिवार का कहना है कि अगर समय रहते बिजली काट दी जाती, तो आज उनका भाई जिंदा होता। परिजनों ने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर भी उंगली उठाई है, जो ऐसे गैर-जिम्मेदार कर्मचारियों पर लगाम लगाने में नाकाम रहे हैं।

### ग्रामीणों और परिवार की मुख्य मांगें

**हत्या का मुकदमा:** दोषी लाइनमैन के खिलाफ लापरवाही और हत्या का मामला दर्ज किया जाए।

सख्त कानूनी कार्रवाई: ड्यूटी के दौरान नशे में रहने वाले सभी दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

निलंबन और सजा: लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले लाइनमैन को तुरंत निलंबित कर कठोर सजा दी जाए।

उचित मुआवजा: पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल देने के लिए प्रशासन उचित मुआवजा प्रदान करे।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारियों और दोषी लाइनमैन पर सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# बजरी माफियों को पुलिस की लोकेशन देना पड़ा भारी, चार जने गिरफ्तार



▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** :- अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त, पुलिस की मोबाईल से लोकेशन रख बजरी माफियों को मोबाईल से सुचना देने के मामले में बड़लियास पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन को लेकर माफियों को पुलिस कि लोकेशन देने के मामले में पुलिस ने बड़लियास थाना क्षेत्र के चांदगढ़ निवासी रतन पिता तारू ओड़ उम्र 46 वर्ष, मंगरोप थाना क्षेत्र के व्यास जी का बड़ला निवासी सुनील पिता जमना लाल जाट उम्र 19 वर्ष, हासियास निवासी बंजी सिंह पिता भगवान सिंह राजपूत उम्र 20 वर्ष व धांगड़ास निवासी हीरालाल पिता रामलाल भील उम्र 20 वर्ष को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया । अवैध बजरी खनन/परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है तथा पुलिस की लोकेशन रखने वाले गुप्स श्री देव व जिओ पर पुलिस द्वारा निगरानी रखी ।।

# अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्यवाही, ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** :- बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के रेण गांव के पास से अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर जसवंत सिंह थाना प्रभारी के नेतृत्व में रविवार को पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए रेण गांव के पास अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर



प्रकरण दर्ज किया गया । इस कार्रवाई में दीवान बजरंग लाल, कांस्टेबल विजय विक्रम सिंह व दिनेश कुमार लक्ष्कार आदि शामिल रहे ।।

# सरकारी धन की बर्बादी: 4 साल पहले बिछाई बिजली लाइन आज तक चालू नहीं, खेतों में खड़े खंभे बने किसानों के लिए मुसीबत

▪ स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर** । नेशनल हाईवे 148D शक्करगढ़। क्षेत्र के बाकरा गांव में विद्युत विभाग की भारी लापरवाही और कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कृषि विद्युत आपूर्ति के नाम पर करीब चार वर्ष पहले लाखों रुपये खर्च कर खेतों में बिजली की लाइन बिछाई गई थी, लेकिन आज तक यह लाइन चालू नहीं हो सकी। सरकारी धन की बर्बादी का प्रतीक बन चुकी यह अधूरी परियोजना अब किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है, क्योंकि खेतों में गाड़े गए दर्जनों खंभों के कारण उनकी उपजाऊ भूमि बेवजह प्रभावित हो रही है।

### योजना बनी, पर उपयोग नहीं

ग्रामीणों के अनुसार, यह विद्युत लाइन कृष्ण गोपाल सेन के खेत से बाघ की झोपड़ियों से होते हुए नारायण पुत्र उदा मीणा के खेत तक डाली गई थी। लेकिन बाद में विभाग ने नारायण मीणा को भीमपुरा फीडर से बिजली कनेक्शन दे दिया। इसके चलते लाखों रुपये की लागत से पहले तैयार की गई यह लाइन



पूरी तरह से अनुपयोगी हो गई। विभाग की इस अदूरदर्शिता के कारण खेतों में तार और खंभे आज भी जस के तस खड़े हैं।

### खेती के कामों में आ रही भारी बाधा

किसानों ने बताया कि खेतों के बीचों-बीच बेकार पड़े इन खंभों के कारण ट्रैक्टर संचालन, जुताई, बुवाई और सिंचाई जैसे कृषि कार्यों में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर भूमि का उपयोग सीमित हो गया है, जिसका सीधा असर फसल उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ रहा है। बार-बार लिखित और मौखिक शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### सरकारी नियमों की उड़ रही धज्जियां

ग्रामीणों का आरोप है कि जब इस लाइन का उपयोग ही नहीं होना था, तो लाखों रुपये खर्च कर निर्माण कार्य क्यों कराया गया। इस मामले में स्पष्ट रूप से सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं:

**राजस्थान वित्तीय नियम (RFR) व GFR 2017:**

नियमों के अनुसार सरकारी धन का खर्च तभी उचित है जब उसकी वास्तविक आवश्यकता हो। इस प्रकरण में अर्थव्यवस्था, दक्षता और जवाबदेही (नियम 21 व 29) की स्पष्ट अनदेखी हुई है।

**विद्युत वितरण निगम के मानक:**

यदि कोई विद्युत संरचना अनुपयोगी है और आमजन या किसानों को नुकसान पहुंचा रही है, तो विभाग उसे हटाने या उसका वैकल्पिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है।

**लोक सेवक आचरण नियम:**

लापरवाही या संसाधनों के दुरुपयोग के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

### किसानों की चेतावनी: समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

आक्रोशित किसानों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सरकारी धन के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदारी तय कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि यदि तकनीकी रूप से संभव हो तो लाइन को चालू कर किसानों को वास्तविक लाभ दिया जाए, अन्यथा तुरंत इन अनुपयोगी खंभों को हटाकर उनकी भूमि मुक्त की जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# चाकू की नोंक पर महिला से लूट का माल खरीदने वाला 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

पारोली / थाना पुलिस ने फलासेड रोड पर एक पैदल जा रही महिला से चाकू की नोंक पर हुई लूट की वारदात में एक बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने इस मामले में लूटे गए सोने के जेवरात खरीदने वाले 5,000 रुपये के इनामी और वांछित शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है.

### खेत से घर लौटती महिला पर चाकू से किया था वार

पुलिस के अनुसार, 27 फरवरी 2026 को फलासेड निवासी एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. रिपोर्ट में बताया गया कि शाम करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच जब वह खेत से काम कर अपने घर लौट रही थी, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने उसे घेर लिया. बदमाशों ने महिला को चाकू दिखाकर उसके गले में पहने करीब तीन तोले सोने के जेवरात (सोने की रामनामी, दो मादलिया, दो मोती और टोपीस) छीनने का प्रयास किया. जब महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो चारों बदमाशों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और चाकू से गले में पहने जेवरात काट दिए. इस छीना-झपटी के दौरान चाकू के वार से महिला के गले पर गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा. इसके बाद आरोपी पारोली की तरफ भाग निकले. पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था.

### दो लुटेरे पहले ही आ चुके हैं पुलिस की गिरफ्त में

वारदात की गंभीरता को देखते हुए भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव (आई.पी.एस.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शाहपुरा) राजेश आर्य और कोटड़ी वृताधिकारी सुरेश डाबरिया के निर्देशन में पारोली थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था. पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल दो लुटेरों भैरू लाल उर्फ नाना लाल मोग्या और गोवर्धन मोग्या को पहले ही गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुछ जेवरात बरामद कर लिए थे.

### मनोवैज्ञानिक पूछताछ में खुला इनामी खरीदार का राज

इसके बाद पुलिस ने गिरोह के एक और साथी भैरू लाल पुत्र पूरण मोग्या को गिरफ्तार किया. जब पुलिस ने उससे मनोवैज्ञानिक तरीके से गहनता से पूछताछ की, तो उसने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने और उसके साथी विशाल उर्फ विकास मोग्या ने लूटे गए सोने के जेवरात निम्बाहेड़ा के एक नामी तस्कर को बेचे हैं. इस सूचना पर पारोली पुलिस टीम ने दबिश देकर जेवरात खरीदने वाले 5,000 रुपये के इनामी अपराधी मोहम्मद अमजद उल्ला को डिटेन किया. गहन पूछताछ में आरोपी ने लुटेरों से माल खरीदना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर ले रही है ताकि शेष जेवरात बरामद किए जा सकें.

### गिरफ्तार आरोपी का विवरण:

मोहम्मद अमजद उल्ला (42): पुत्र मुबारिक हुसैन, निवासी ढोलियों की गली, जावद दरवाजा, निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़).

# भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: फर्जी दस्तावेजों से प्लॉट हड़पने वाले भू-माफिया गिरोह का पर्दाफाश, मास्टरमाइंड सहित 4 गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / शहर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर कीमती भूखंडों पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके मास्टरमाइंड और स्टाम्प वेंडर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पुराने भूखंडों के फर्जी 'बिकावनामा' तैयार कर असली मालिकों को डरा-धमका कर जमीन हड़पने का काम कर रहा था।

### क्या है पूरा मामला?

वकील कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय प्रकाशचन्द्र मण्डोवरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनका पंचवटी योजना में भूखंड संख्या 669-ए है, जिसे उन्होंने 1990 में नगर विकास न्यास से खरीदा था। अक्टूबर 2023 में जब उन्होंने अपने प्लॉट पर बाउंड्री वॉल का निर्माण शुरू करवाया, तो आरोपी घनश्याम सिंधी ने आकर काम रुकवा दिया और गाली-गलौच करते हुए प्लॉट को अपना बताया।

### फर्जी हस्ताक्षर और बैक-डेट स्टाम्प का खेल

आरोपी घनश्याम ने एक फर्जी 'बिकावनामा' पेश किया, जो 2009 की तारीख में बना हुआ था। जांच में सामने आया कि घनश्याम सिंधी, हेमन्त मेठानी और नूर मोहम्मद ने साजिश रचकर स्टाम्प वेंडर गोपालदास वैष्णव से पुरानी तारीख (बैक-डेट) का स्टाम्प हासिल किया और उस पर प्रकाशचन्द्र के फर्जी हस्ताक्षर कर प्लॉट हड़पने की कोशिश की।

### FSL रिपोर्ट ने खोली पोल

थानाधिकारी हनुमान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध दस्तावेजों की एफएसएल (FSL) जांच करवाई। रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि विवादित दस्तावेज पर मौजूद हस्ताक्षर प्रार्थी के हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते हैं। सबूत पुख्ता होने पर पुलिस ने दबिश देकर गिरोह के मुख्य सदस्यों को धर दबोचा।

### गिरफ्तार आरोपियों की प्रोफाइल:

घनश्याम मनवानी (सिंधी) (53): निवासी सिंधु नगर (मुख्य साजिशकर्ता)।

गोपालदास वैष्णव (58): निवासी सेथुरिया, कारोई (स्टाम्प वेंडर जिसने फर्जी स्टाम्प उपलब्ध कराया)।

हेमन्त कुमार सिंधी (54): निवासी शास्त्री नगर (सह-साजिशकर्ता)।

नूर मोहम्मद (77): निवासी भीमगंज (जमीन हड़पने के षड्यंत्र में शामिल)।

### पुलिस टीम:

इस कार्रवाई में थानाधिकारी हनुमान सिंह, उप-निरीक्षक उगमाराम, सहायक उप-निरीक्षक हरीश कुमार, अशोक कुमार, कांस्टेबल महावीर सिंह, ओमसिंह और रज्जाक मोहम्मद की अहम भूमिका रही।



## नई राज्यास बना जैन श्रद्धा का महातीर्थ

# 1100 साल बाद फिर जागी आस्था की दिव्य ज्योति गुलाबी पाषाण की अद्भुत नक्काशी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध





▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा** / निकटवर्ती नई राज्यास गांव इन दिनों भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास के महासागर में डूबा हुआ है। गांव की गलियों से लेकर भव्य जिनालय तक हर ओर "जय जिनेंद्र" के जयघोष गूंज रहे हैं। 1100 वर्षों तक भूगर्भ में विराजित रहीं दिव्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुरू हुआ दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव रविवार को पूरे धार्मिक वैभव और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। ऐसा लग रहा है मानो सदियों पुराना इतिहास फिर से जीवंत होकर गांव की धरती पर उतर आया हो। विशाल शोभायात्रा, बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों, धर्मध्वजाओं और भक्ति गीतों के बीच गांव भक्तिमय रंग में रंग गया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में मंगल गीत गाती नजर आईं तो युवा और बच्चे भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ शोभायात्रा में उमंग से झूमते दिखाई दिए। समारोह में जैन समाज ही नहीं बल्कि अन्य समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह भव्य दिगम्बर जैन जिनालय अब पूरे क्षेत्र की नई पहचान बनता नजर आ रहा है। वियतनाम के सफेद पत्थरों और बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पाषाण से बने इस अद्भुत मंदिर की नक्काशी, विशाल शिखर और दिव्य स्थापत्य श्रद्धालुओं को पहली ही नजर में मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। रात में विद्युत सजावट के बीच मंदिर की स्वर्णिम आभा दूर-दूर तक आध्यात्मिक प्रकाश बिखेर रही है। महोत्सव का शुभारंभ मज्जिनेंद्र जिन बिम्ब वेदी प्रतिष्ठा, ध्वजारोहण, कलशारोहण एवं विश्व शांति महायज्ञ



के साथ हुआ। मंदिर में विराजित रक्षक देव मंशापूर्ण मानभद्र को नैवेद्य अर्पित कर विश्व शांति, समाज की खुशहाली और मानव कल्याण की प्रार्थना की गई। सोमवार को शुभ मुहूर्त में मुख्य प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

यह पूरा आयोजन प.पू. निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद तथा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश, अशोकनगर (मध्यप्रदेश) के सानिध्य में हो रहा है। धार्मिक आयोजन में मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत तथा आरके मार्बल ग्रुप के चेयरमैन अशोक पाटनी की विशेष उपस्थिति रही। गोधा परिवार की श्रद्धा और समर्पण इस महोत्सव की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आया है। मंदिर संरक्षक रतनलाल गोधा, अध्यक्ष भागचंद गोधा, राजकुमार गोधा, कमल गोधा और शशि गोधा ने बताया कि यह जिनालय केवल मंदिर नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रेरणास्थल बनेगा। इस महोत्सव के पीछे की कहानी भी किसी चमत्कार से कम नहीं है। गोधा परिवार के कमल और राजकुमार गोधा ने बताया कि वर्ष 2001 में धनोप क्षेत्र में नदी की सामान्य खुदाई के दौरान अचानक भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान और नंदीश्वर द्वीप की करीब 1100 वर्ष पुरानी प्राचीन दिगम्बर जैन प्रतिमाएं निकलनी शुरू हुईं। मिट्टी के नीचे छिपा सदियों पुराना इतिहास सामने आते ही लोग स्तब्ध रह गए। श्रद्धालुओं ने इसे धर्म का चमत्कार माना। बाद में इन प्रतिमाओं को पूरे श्रद्धाभाव के साथ नई राज्यास लाया गया और 23 मई 2001 को छोटे मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। समय के साथ जब पुराना मंदिर जीर्ण-शीर्ण होने लगा तो गोधा परिवार ने संकल्प लिया कि इन चमत्कारिक प्रतिमाओं के लिए ऐसा जिनालय बनाया जाए जो युगों तक श्रद्धा का केंद्र बना रहे। 5 फरवरी 2022 को मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर महाराज के सानिध्य में मंदिर की नींव रखी गई और आज वह सपना भव्य हकीकत बनकर सामने खड़ा है। मंदिर के गर्भगृह को विशेष स्वर्ण आभा से सजाया गया है, जहां भगवान महावीर स्वामी की मुख्य वेदी के साथ भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान, नंदीश्वर द्वीप, मुनि सुदृढ़नाथ सहित नौ देवताओं की धातु एवं पाषाण निर्मित प्रतिमाएं विराजमान होंगी। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि आने वाले समय में यह जिनालय क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक तीर्थ बनेगा। पूरे गांव को रंग-बिरंगी झांकियों, विद्युत सजावट और धर्मध्वजाओं से सजाया गया है। गांव की हर गली में भक्ति की लहर दिखाई दे रही है। महोत्सव के दौरान विशाल वात्सल्य भोज और सामूहिक प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। समारोह में पवन गोधा, महावीर गोधा, अंशुल गोधा, प्रकाश चंद्र जैन, पवन कासलीवाल, विनोद कासलीवाल, जितेंद्र गोधा, दिलीप गोधा, लादूलाल शाह, सुरेंद्र पाटनी, आशुतोष सेठी सहित बड़ी संख्या में समाजजन और महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं वेद स्टोनेक्स किशनगढ़ के दिलीप कुमार वेद, निरंजन, निर्मल, प्रमोद वेद, चांवलेश्वर पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कासलीवाल तथा रणथंभौर अतिशय क्षेत्र के तरुण बंज भी विशेष रूप से शामिल होंगे। नई राज्यास का यह ऐतिहासिक महोत्सव अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि श्रद्धा, समर्पण, चमत्कार और सामाजिक एकता का ऐसा जीवंत अध्याय बन चुका है जिसकी गूंज आने वाले वर्षों तक सुनाई देगी।

# माहेश्वरी समाज ने दिया एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश: सोमानी निर्विरोध तहसील अध्यक्ष निर्वाचित



▪ स्मार्ट हलचल

**मंगरोप** । स्थित माहेश्वरी भवन में रविवार को अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के अंतर्गत तहसील महासभा भीलवाड़ा ग्रामीण के 9वें तहसील अध्यक्ष पद के चुनाव सामाजिक सौहार्द और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए।समाज के प्रबुद्धजनों, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की मौजूदगी में राघवेन्द्र सोमानी को सर्वसम्मति से निर्विरोध तहसील अध्यक्ष घोषित किया गया।चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी राजेंद्र पोरवाल की देखरेख में सम्पन्न हुई।भीलवाड़ा ग्रामीण क्षेत्र की 19 पंचायतों के मतदाताओं ने इसमें भाग लिया और सभी ने एकमत होकर राघवेन्द्र सोमानी के नाम पर समर्थन जताया।राघवेन्द्र सोमानी इससे पूर्व तहसील सभा में मंत्री पद पर रहते हुए तीन वर्ष तक सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।संगठनात्मक अनुभव,समाज सेवा और समाजजनों के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए समाज ने उन पर दोबारा भरोसा जताया।अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने समाज को संगठित रखते हुए शिक्षा,सामाजिक एकता और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष देवीलाल मुंदड़ा, रामप्रसाद लढ़ा,जगदीश काबरा सहित भीलवाड़ा ग्रामीण क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।समाजजनों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।चुनाव के साथ ही 21 सदस्यीय नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई।इसमें हमीरगढ़ निवासी बाबूलाल मंडोवरा को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।नई कार्यकारिणी में विभिन्न क्षेत्रों और पंचायतों से प्रतिनिधित्व देकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के साथ युवाओं और महिला प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।पूरे आयोजन में सामाजिक एकता,संगठनात्मक मजबूती और आपसी भाईचारे का उत्साह साफ दिखाई दिया।इस अवसर पर माहेश्वरी समाज ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय पहल की।समाज की ओर से प्लास्टिक मुक्त सामाजिक भोज के उद्देश्य से स्टील की थाली,कटोरी और गिलास के 400 सेट मंगवाए गए,जिनका उपयोग रविवार को आयोजित सामूहिक भोज में पहली बार किया गया।समाजजनों ने इस पहल के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भोजन अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।मंगरोप में सम्पन्न यह आयोजन सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती और पर्यावरण जागरूकता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा।

## विप्र सेना ने वारुणी वत्स का किया सम्मान



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ,भीलवाड़ा द्वारा आर सी व्यास कॉलोनी निवासी वारुणी वत्स पुत्री गोपाल माया वत्स ने सीबीएसई 12वी आर्ट्स परीक्षा परिणाम में 98.4% अंक प्राप्त कर भीलवाड़ा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मान किया। विप्र सेना की कल्पना सुल्तानिया ने बताया की वारुणी ने भीलवाड़ा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके ब्राह्मण समाज का गौरव बढ़ाया है इसीलिये आज विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्योति आशीर्वाद ,मानसी शर्मा,अनीता शर्मा,निर्मला व्यास,सरिता शर्मा,टीना पाण्डे,पूजा शर्मा के साथ समाज की महिलाओं ने वारुणी को पगड़ी माला, दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मान किया गया व उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी ।

# प्रतिभाओं का हुआ सम्मान ! जिले की टीम बालाजी निःशुल्क टेस्ट सीरीज का नवाचार



▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**-श्री बालाजी टेस्ट सीरीज नई राज्यास के तत्वाधान में मोटिवेशनल सेमिनार और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें 2021 से अब तक सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया अपने क्षेत्र के बच्चों के लिए 2021 से निरंतर प्रयासरत इस टीम का उद्देश्य अपने जिले अपने क्षेत्र और गांव के बच्चों में व्याप्त परीक्षा के भय को परीक्षा में होने वाली त्रुटियों को दूर करने के लिए मुख्य परीक्षा से पूर्व आभासी परीक्षा बिल्कुल परीक्षा पैटर्न पर पेपर तैयार कर शिक्षा का एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना और युवाओं को उचित मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है जिसके लिए टीम के द्वारा परीक्षा के पश्चात प्रोत्साहन हेतु सेमिनार कर अच्छे अंक लाने वाले भाई बहनों को पुरस्कृत किया जाता है युवाओं की यह पहल जिसमें जिले के विभिन्न गांवों से शिक्षक साथी और सदस्य जुड़े हुए हैं और इस कार्य को सफल बना रहे हैं। पिछले 5 वर्षों से यह संगठन निःशुल्क व निःस्वार्थ भाव से काम कर रहा है। 2021 में 8 बच्चों से शुरू यह मुहिम आज पूरे जिले में भव्यता लिए खड़ी है और पूरे जिले के बच्चे इस से लाभान्वित हो रहे हैं। एक ही दिन में पेपर करवा कर उसी दिन परिणाम जारी करना और आधुनिक तकनीक का उपयोग करना टीम को एक अलग ही पहचान देता है। कार्यक्रम अतिथियों को साफा बंधवाने की जगह पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उनके स्वागत में पेड़ पौधे दिए गए।

अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

डॉ.सत्यनारायण,कुमावत मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चेनाराम कुमावत प्रशासनिक अधिकारी निंबाराम गुर्जर और मुकेश साहू प्रधानाचार्य शंकर जाट प्रधानाध्यापक सवारियां शर्मा और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे टीम के सदस्य और नई राज्यास के सभी टीम सदस्य जिन्होंने दिन रात मेहनत करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया और गांव से पधारे महानुभाव उपस्थित रहे।

# माहेश्वरी सभा चुनाव में तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा बने

▪ स्मार्ट हलचल

**आकोला** / सिंगोली चारभुजा मंदिर परिसर स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में मांडलगढ़ तहसील माहेश्वरी सभा के चुनाव जिला पर्यवेक्षक राम किशन सोनी ,जगदीश चंद्र काष्ट चुनाव अधिकारी कृष्ण गोपाल सोमानी ,सत्यनारायण तोतला के सानिध्य में संपन्न हुए । श्री राम सोमानी ने बताया कि तहसील माहेश्वरी सभा के चुनाव में 101मतदाताओं ने भाग लेकर सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश मुंदड़ा धामनिया , मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा माल का खेड़ा को बनाया गया । इस अवसर पर पूर्व तहसील अध्यक्ष मान सिंह मुंदड़ा ,रमेश चंद्र बसेर , धर्मशाला अध्यक्ष घनश्याम राठी , कोषाध्यक्ष सतीश सोमानी ,सह



मंत्री शिवनारायण काबरा , सहित समाज जन उपस्थित थे ।

# पेयजल संकट से जूझ रहे गांवों को मिली बड़ी राहत,विधायक लालाराम बैरवा के प्रयासों से लगे तीन हैंडपंप..

## वर्षों से पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों में खुशी की लहर, जनसंघर्ष और जनप्रतिनिधियों की पहल लाई रंग

▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा** / विधानभाक्षेत्र शाहपुरा की ग्राम पंचायत नई राज्यास के पुरानी राज्यास और रेबारी खेड़ा के ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से बड़ी राहत मिली है। क्षेत्र में पानी की किल्लत को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे ग्रामीणों की मांग आखिरकार पूरी हो गई। जगदीश प्रजापत ने बताया कि विधायक डॉःलालाराम बैरवा के प्रयासों और प्रशासनिक स्तर पर की गई पैरवी के बाद तीन नए हैंडपंप स्वीकृत होकर गांवों में स्थापित किए गए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया था। कई मोहल्लों और ढाणियों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा था। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



समस्या को लेकर ग्रामीण लगातार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से समाधान की मांग कर रहे थे।विधायक बैरवा ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान के निर्देश दिए।लगातार प्रयासों के बाद तीन स्थानों पर हैंडपंप स्वीकृत किए गए, जिससे अब लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

मंडल अध्यक्ष अभिषेक कलाल ने भी आमजन की समस्या को उच्च स्तर तक पहुंचाया।जानकारी के अनुसार नई राज्यास में शंकर कुमावत के खेत के रास्ते पर, पुरानी राज्यास देवथला में देवनारायण मंदिर परिसर तथा रेबारी खेड़ा में आमली कालुसिंह शमशान घाट के पास नए हैंडपंप लगाए गए हैं। हैंडपंप शुरू होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया है।

ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय बाद पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। लोगों का मानना है कि इससे न केवल दैनिक जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध होगा, बल्कि गर्मी के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री जगदीश प्रजापत, वार्ड पंच नारायण रेबारी, पाबूराम, उदाराम गुर्जर, गोपाल महाराज, त्रिलोक रेबारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से गांवों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत हो रही हैं।


# लाडपुराः भव्य कलश यात्रा के साथ 24 मई से शुरू होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

▪ स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा** / कस्बे के चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में 24 मई (रविवार) से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। कथा की शुरुआत रविवार सुबह एक विशाल कलश यात्रा के साथ की जाएगी। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सुबह 8 बजे निकलेगी भव्य कलश यात्रा चारभुजा नाथ मंदिर कमेटी के संरक्षक रणजीत सिंह शक्तावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार सुबह 8 बजे 'बाग वाले कुएं' से मंगल कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना होगी। यह यात्रा कस्बे के मुख्य बाजार और बस स्टैंड से होते हुए कथा स्थल (चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण) पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से कलश स्थापना की जाएगी।

### प्रतिदिन सुबह 10:15 बजे से बहेगी ज्ञान गंगा

सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचक राकेश मिश्रा महाराज



अपने श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा की महिमा और भगवान की लीलाओं का रसपान कराएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन सुबह 10:15 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक किया जाएगा। श्रद्धालु पूरे सप्ताह इस संगीतमय कथा का लाभ उठा सकेंगे। इस कथा ज्ञान यज्ञ का समापन 30 मई (शनिवार) को पूर्णाहूति के साथ होगा।

## सेवा, संस्कार और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ा रहा समाज सेवा शिविर...

# खामोर विद्यालय में 15 दिवसीय शिविर का आगाज, विद्यार्थियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश...

▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खामोर में कक्षा 11 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित अनिवार्य समाज सेवा शिविर का रविवार को उत्साह और उमंग के साथ शुभारंभ हुआ। 17 मई से 31 मई तक चलने वाले इस 15 दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नन्दसिंह राठौड़ द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा से ही व्यक्तित्व का वास्तविक विकास होता है और युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुड़ना चाहिए।




व्याख्याता एवं शिविर प्रभारी विशाल सारस्वत ने बताया कि समाज सेवा शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें समाज के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, साक्षरता जागरूकता, योग अभ्यास एवं श्रमदान जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में सेवा भाव और सामाजिक चेतना का विकास हो सके।

शिविर के सुचारू संचालन के लिए विद्यार्थियों के अलग-अलग दल बनाए गए हैं, जिसमें छात्र अमन सिंह हाड़ा को दलनायक नियुक्त किया गया है।

प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा एवं योग अभ्यास के साथ शिविर की शुरुआत की। इसके बाद खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने के साथ विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर और खेल मैदान में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार शिविर के अंत में विद्यार्थियों की गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ग्रेड प्रदान किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों की अंकतालिका में भी दर्ज होंगे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन एवं स्थानीय प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

▪ स्मार्ट हलचल

### -नव पदस्थ पदाधिकारीयों को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित नारायण व्यास ने एक साथ दिलाई शपथ

**गंगापुर** :- अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा का शपथ ग्रहण समारौह सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्थित बाई सा महारानी की पावन नगरी गंगापुर के सोहस्ती वाटिका में समाज के प्रबुद्धजनों के साथ ही संत श्याम सुंदर दास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत आगन्तुक अतिथियों द्वारा महर्षि गौतम की प्रतिमा को पुष्पमाला पहना दीप प्रज्वलित करके की गई। बाद इसके स्वागत सम्मान का दौर चला जिसमें आगन्तुक अतिथियों को मारवाड़ी पगड़ी पहना दुपट्टा भेंट कर स्वागत सम्मान कि रश्म अदायगी की गई। अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव गंगापुर में इस कार्यक्रम के आयोजक श्याम सुंदर त्रिपाठी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से आज गंगापुर में संत सानिध्य में शपथ ग्रहण समारौह आयोजित किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर के साथ ही जिला और तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिनको राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण



व्यास द्वारा संत सानिध्य में समाज के अन्य प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में शपथ दिलाई गईं। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में समाज को एकजुट होने के साथ ही युवाओं को आगे आने की बात कही। वही अध्यक्ष व्यास ने अपने उद्बोधन में बीच-बीच वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ अपने व्यक्तव व्यक्त करते हुए खासतौर पर समाज के युवा वर्ग को सिर पर शिखा रखने, यज्ञोपवीत धारण करने, और संध्या करने के लिए भी प्रेरित किया। तो सहज ही पांडाल करतल ध्वनि से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्र की पूर्व विधायिका गायत्री देवी त्रिवेदी, राजेन्द्र त्रिवेदी, ज्योति उपाध्याय के साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट श्याम शर्मा, केन्द्रीय अधिशासी अधिकारी कीर्ति कुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरकण्ठ उपाध्याय, राष्ट्रीय महामंत्री श्याम सुंदर त्रिपाठी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विजय व्यास, अधिवक्ता महावीर आचार्य, ओमप्रकाश बच्च, रंजनराज आचार्य, महेंद्र शर्मा, फूल शंकर शर्मा, गोपाल त्रिपाठी, भंवर लाल शर्मा, अभिजीत शर्मा, गोविंद गौतम, राजेश गौतम सहित समाज के सैकड़ो महिला पुरुषजन मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अंतरराष्ट्रीय महासभा के केंद्रीय महामंत्री गोपी किशन व्यास ने किया।

# आदिनाथ मन्दिर पर धर्म ध्वजा परिवर्तन महोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ सम्पन्न

### एक दिन पूर्व भक्ति संध्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, देर रात तक गूंजे भक्ति गीत

### कोटड़ी के पोखरना परिवार ने चढ़ाई मन्दिर शिखर पर धर्म ध्वजा



▪ स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी**। मुख्यालय स्थित श्री आदिनाथ श्वेताम्बर जैन मन्दिर में धर्म ध्वजा परिवर्तन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय सहित बाहर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजन को लेकर सम्पूर्ण जैन समाज में उत्साह का माहौल बना रहा तथा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। आयोजक सज्जनसिंह पोखरना ने बताया कि सदर बाजार स्थित प्रथम तीर्थंकर युगाधिदेव श्री आदिनाथ भगवान के प्राचीन जैन श्वेताम्बर मन्दिर में परम पूज्य आचार्य भगवन्त श्री निपूणरत्नविजय सुरीश्वर जी म.सा. आदि ठाणा की शुभ निश्रा में वर्ष 2014 में भव्य प्रभु प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित हुआ था। तभी से प्रतिवर्ष धर्म ध्वजा परिवर्तन महोत्सव बड़े ही धूमधाम व धार्मिक आस्था के साथ आयोजित किया जाता है। महोत्सव के तहत प्रातः 7 बजे धर्म ध्वजा के साथ भव्य वरघोड़ा निकाला गया, जिसमें श्रद्धालु जयकारों के साथ नाचते-गाते हुए शामिल हुए। इसके पश्चात 8 बजे स्नात्र पूजा महोत्सव, 8.30 बजे भक्तिमय सतर भेदी पूजा एवं ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। बाद में शुभ मुहूर्त में प्रातः 10.15 बजे श्री आदिनाथ भगवान के मन्दिर शिखर पर धर्म ध्वजा चढ़ाई गई। ध्वजारोहण के दौरान सम्पूर्ण वातावरण जय आदिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। विधिकारक एवं सुप्रसिद्ध गायककार मनीष जैन पितलिया एण्ड पार्टी मन्दसौर (मध्यप्रदेश) ने मंत्रोच्चारण एवं मधुर भजनों के साथ पूजा सम्पन्न करवाई। उनके भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व आयोजित भव्य भक्ति संध्या में भी श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। गायककार मनीष जैन मन्दसौर द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे तथा मंदिर परिसर में भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा एवं मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि पूजा कार्यक्रम के दौरान आगामी वर्ष के धर्म ध्वजा फहराने की बोली भी आयोजित की गई। इसमें लादूलसिंह धूपिया करमडास ने 51,151 रुपये की बोली लगाकर आगामी वर्ष के धर्म ध्वजा फहराने के लाभार्थी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस दौरान दिनकर सन्देश के प्रधान सम्पादक दिनेश संचेती दिनकर ने कार्यक्रम में सरीक हो कर आयोजन को उचाइयां देते हुए श्रद्धालुओं को धार्मिक कार्यक्रमो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की तथा धर्म से जुड़ कर्मो को क्षय करने पर जोर दिया।कार्यक्रम में केरला, सूरत, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़, सलावटिया, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, नाथद्वारा, किशनगढ़, बीगोद सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिला-पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में आयोजक परिवार एसएसपी ग्रुप द्वारा सभी आगन्तुक श्रद्धालुओं का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# शेयर मार्केट में 30% मुनाफे का झांसा देकर 11 लाख ठगने वाली 'ईनाम' व 'बाहुबली' कंपनी के दो आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** / बिजयनगर शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर आमजन को 20 से 30 प्रतिशत तक के भारी मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपए की साइबर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का बिजयनगर थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में दबिश देकर दो शातिर ठगों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी 'ईनामैक (ईनाम)' और 'बाहुबली' नामक फर्जी इन्वेस्टमेंट कंपनियां चलाकर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाते थे।




### व्हाट्सऐप कॉल से बुना ठगी का जाल, झांसे में आया पीड़ित

पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (IPS) ने बताया कि पीड़ित धनराज जाट (41), निवासी लुहार मौहल्ला शिखरानी (बिजयनगर) ने थाना हाजिर होकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2025 में पीड़ित के मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सऐप कॉल आए। कॉलर ने खुद को इन्वेस्टमेंट कंपनी का एजेंट बताकर शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर 20 से 30 फीसदी मुनाफे का लालच दिया। शातिरों ने पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए कहा कि मुनाफे का 10 प्रतिशत हिस्सा उन्हें कमीशन के रूप में वापस देना होगा।

### 14 ट्रांजैक्शन में ऐंठे 10.93 लाख

झांसे में आकर पीड़ित धनराज ने आरोपियों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में PhonePe और RTGS के जरिए कुल 14 बार में 10 लाख 93 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़ित ने अपने खाते में दिख रहा मुनाफा निकालने का प्रयास किया, तो पैसे विड्रॉ नहीं हुए। पीड़ित ने जब आरोपियों से संपर्क किया, तो उन्होंने कुल मुनाफे का 10% कमीशन पहले एडवांस जमा कराने की शर्त रख दी। इसके बाद पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और फिर बिजयनगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया।

### मुंबई के पॉश इलाकों से दबोचे गए आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी (मसूदा) जयसिंह के सुपरविजन में बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से बैंक खातों और मोबाइल नंबर्स का रिकॉर्ड खंगाला, जिससे आरोपियों की लोकेशन मुंबई में ट्रेस हुई। पुलिस टीम ने मुंबई में दबिश देकर 15 मई 2026 को दो आरोपियों को

### गिरफ्तार कर लिया:

मोहम्मद राशिद बलोच उर्फ लक्की (50 वर्ष), निवासी: जोगेश्वरी पूर्व, मुंबई।\अभिषेक अनिल नारकर उर्फ गोपाल (25 वर्ष), निवासी: अंधेरी पूर्व, मुंबई।

इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 316(2) (अमानत में खयानत), 318(4) (धोखाधड़ी), 61(2) (आपराधिक साजिश) और आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी, जिससे यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह ने देशभर में और कितने लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया है।

### सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह, सहायक उप-निरीक्षक (ASI) रणजीत सिंह, कांस्टेबल नीरज शर्मा, मोहित सिंह और हनुमान की विशेष व सराहनीय भूमिका रही।

# श्री साईं मंदिर के 13 वा वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा



▪ स्मार्ट हलचल

### श्री साईं मंदिर से निकली ठाकुर जी की पालकी जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा स्वागत

**भीलवाड़ा** 17 मई आजादनगर वार्ड 21 मे स्थित श्री सांई मंदिर का 13 वा वार्षिकोत्सव मे आज प्रातः साईं बाबा का अभिषेक व हवन मंदिर प्रमुख कैलाश सिंह रावत ने किया ,दिन मे महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया मंदिर के जयनारायण जोशी ने बताया कि 5:15 बजे साई मंदिर से भव्य शोभायात्रा में ठाकुर जी की भव्य सुशोभित पुष्प से सुसज्जित पालकी का स्वागत भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी उपाध्यक्ष शिव प्रकाश चन्नाल रामचंद्र मूंदड़ा साई भक्त कैलाश सिंह रावत , मुकेश अग्रवाल भेरू लाल शर्मा चिंटू शर्मा अशोक सेन कन्हैया लाल व कॉलोनी वाशियो मे इत्र वर्षा , पुष्प वर्षा ठंडा पेय जगह जगह स्वागत ठाकुर जी की आरती ,नगर भ्रमण हुआ तत्पश्चयात वापिस मंदिर पहुंच महाआरती के साथ सामूहिक महाप्रसादी का आयोजन हुआ इस शोभायात्रा में महिलाओं परुषों युवतियों ने ढोल वादन के साथ नृत्य किया

# हुनर सिखाने वाले गुरुजी खुद वेतन को तरसे: राजस्थान के 5000 व्यावसायिक शिक्षकों का भविष्य अंधकार में

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** / राजस्थान के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को आईटी, हेल्थ, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर, ऑटोमोटिव और रिटेल जैसे व्यावसायिक विषयों के जरिए रोजगार के लिए तैयार करने वाले शिक्षक खुद आज गहरे आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। प्रदेश के करीब 4019 सरकारी विद्यालयों में समग्र शिक्षा अभियान (समसा) के तहत सेवाएं दे रहे 5 हजार से अधिक व्यावसायिक शिक्षकों (Vocational Trainers) को पिछले 13 महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण उनके सामने परिवार के पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

### प्लेसमेंट एजेंसियों की लापरवाही और ठेका प्रथा का दंश

शिक्षकों का आरोप है कि विभिन्न प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत होने के कारण उनका भविष्य पूरी तरह असुरक्षित है। भीलवाड़ा और पाली सहित राज्यभर के जिलों में कार्यरत इन शिक्षकों का भुगतान इसलिए अटका हुआ है क्योंकि प्लेसमेंट एजेंसियां समय पर आवश्यक फाइलें शिक्षा विभाग को नहीं भेज रही हैं। एक तरफ विभाग लगातार नई गतिविधियों और काम के आदेश जारी कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षकों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। महंगाई के इस दौर में शिक्षक बच्चों की फीस, घर का किराया और रोजमर्रा के खर्चों के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं।

### 60 से अधिक जनप्रतिनिधियों का समर्थन, फिर भी सरकार मौन

व्यावसायिक शिक्षक संघ के पाली जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागड़ी ने बताया कि इस जायज मांग को लेकर प्रदेश के 60 से अधिक विधायकों और सांसदों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर व ईमेल भेजकर समर्थन जताया है। इसके बावजूद सरकार इस गंभीर मुद्दे की लगातार अनदेखी कर रही है। यह न केवल शिक्षकों के साथ अन्याय है, बल्कि युवाओं के कौशल विकास के सपनों के साथ भी खिलवाड़ है।

'हमारी मांगें बेहद सरल और न्यायसंगत हैं। सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर अटके वेतन का भुगतान करे और 'हरियाणा मॉडल' को लागू करते हुए व्यावसायिक शिक्षकों को सरकारी सेवा में समायोजित करे। यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो पूरे राजस्थान के व्यावसायिक शिक्षक उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।'

**चंद्रप्रकाश बागड़ी, जिला अध्यक्ष, व्यावसायिक शिक्षक संघ (पाली)**

# पीएम का संदेश पहुंचाने शहर की सड़कों पर साइकिल पर निकले विधायक आक्या

▪ स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा**। ईरान, इजराइल व अमेरिका के मध्य युद्ध से उत्पन्न वैश्विक तनाव के बीच विदेशी मुद्रा और ईंधन बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियो से सार्वजनिक परिवहन के साधन अपनाने व आर्थिक स्थिरता के लिए व्यक्तिगत स्तर पर समझदारी बरतने का आग्रह किया गया है।

प्रधानमंत्री का संदेश आमजन तक पहुचाने के उद्देश्य से विधायक चंद्रभान सिंह आक्या रविवार सुबह साईकिल पर शहर की सड़को पर निकले। इस दौरान उन्होने आमजन से भी अनावश्यक ईंधन खर्च नहीं करने, कम दूरी के लिए साईकिल का उपयोग करने, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। विधायक आक्या के इस संदेश को शहरवासियो की सराहना मिली।



# जैतारण को ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सालय की सौगात; कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का आयुर्वेद विभाग ने किया बहुमान

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** / जैतारण बजट घोषणा वर्ष 2026-27 में जैतारण विधानसभा क्षेत्र को ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सालय की ऐतिहासिक सौगात मिलने पर आयुर्वेद विभाग में भारी उत्साह है। इस उपलक्ष्य में रविवार को ब्यावर आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉ. सी. पी. सेन के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों और कार्मिकों ने राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक माननीय अविनाश गहलोत का साफा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य बहुमान किया। साथ ही क्षेत्र की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।



### वर्षों पुरानी मांग पर लगी मुहर

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जैतारण में ब्लॉक स्तर के आयुर्वेद चिकित्सालय की मांग वर्षों से लंबित थी। कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के अथक प्रयासों और पैरवी के बाद यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए राजकीय आयुर्वेद औषधालय जैतारण को ब्लॉक चिकित्सालय में क्रमोन्नत (अपग्रेड) करने की घोषणा की।

### भूमि आवंटित, जल्द जारी होगा बजट

इस अवसर पर मंत्री अविनाश गहलोत ने विभागीय कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर और पारंपरिक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नवीन चिकित्सालय भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह पर भूमि का आवंटन करवा दिया गया है। जल्द ही बजट स्वीकृत कराकर आधुनिक भवन का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी डॉ. भागीरथमल, जिला चिकित्सालय ब्यावर के प्रधान चिकित्सक डॉ. पारस चौहान, आसरलाई के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंपालाल कुमावत, वरिष्ठ नर्सेज नेता किशोरसिंह बारहठ, ब्यावर नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रतनलाल गहलोत, वरिष्ठ नर्सेज रामकिशोर शर्मा, भंवरलाल सीरवी, गौरव देवल, श्यामसिंह सोलंकी सहित विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजस्थान में बनेगा 10 करोड़ की लागत का अत्याधुनिक छात्रावास



▪ स्मार्ट हलचल

**दूदू** भारतीय चुनाव आयोग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में कार्यरत EVM Expert एवं तकनीकी अधिकारी श्री बाबूलाल पालीवाल द्वारा दूदू स्थित श्री खिवण जी महाराज पीठ के लिए लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक छात्रावास (हॉस्टल) का प्रारूप एवं मॉडल तैयार किया गया है।यह प्रस्तावित हॉस्टल राजस्थान के सबसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवनों में शामिल होगा।श्री पालीवाल ने संस्था को भामाशाह के रूप में 51,000 का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने संस्थान की डिजाइन एवं प्रोजेक्ट सुपरविजन हेतु लगभग 20 लाख की अपनी तकनीकी फीस नहीं लेकर भवन को निशुल्क डिजाइन एवं सुपरवाइज करने का सराहनीय योगदान दिया है।दिनांक 18 मई 2026 को दूदू स्थित श्री खिवण जी महाराज पीठ पर मूर्ति अनावरण एवं हॉस्टल भवन की नींव पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम जी मेघवाल होंगे कमलों द्वारा नींव पूजन संपन्न किया जाएगा।उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम में डॉ. प्रेम कुमार बेरवा, डॉ. कैलाश वर्मा, डॉ. राजकुमार जयपाल, चंद्रकांता मेघवाल, निर्मल कुमार कुमावत, अजय आर्य, इंद्र राज सिंह एवं श्री बाबूलाल पालीवाल मंचासीन रहेंगे कार्यक्रम में प्रदेशभर से लगभग 20,000 श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। आगंतुकों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था भामाशाहों के सहयोग से की जाएगी।

# ट्रंप की चीन यात्राः बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले




▪ स्मार्ट हलचल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत 13-14 मई को चीन का बहुप्रतीक्षित दौरा किया। विश्व की इन दोनों महाशक्तियों के प्रमुखों की मुलाक़ात पर पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई थीं। ख़ासकर अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे तनाव के बीच इस मुलाक़ात को काफ़ी अहम माना जा रहा था। दुनिया की नज़रें इस बात पर भी टिकी थीं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि अनेक फ्रांस,ब्रिटेन व यूक्रेन जैसे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अपनी असामान्य हरकतों से पेश आने व असहज करने वाले बयानों के लिये सुर्ख़ियों में रहते हैं, आख़िर चीन में उनकी भाषा,रवैय्या व बर्ताव कैसा रहेगा। बहरहाल,जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन पर दुनिया के तमाम देश अपनी पलकें बिछाये रहते हैं और प्रायः अमेरिकी राष्ट्रपति के समकक्ष ही हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हैं वहीं बीजिंग में उनके स्वागत के लिये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग स्वयं नहीं पहुंचे बल्कि उपराष्ट्रपति हान झेंग ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। हान झेंग हालांकि सीधे तौर पर चीन के विदेश मंत्री नहीं हैं परन्तु विदेश मामलों में उनकी भूमिका मुख्यतः कूटनीतिक प्रतिनिधित्व, उच्च-स्तरीय मुलाक़ातें , और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की होती है।

ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ़ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत "डायरी" के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। "निजी ताक-झांक" की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया। इस घटना को दस्तावेज़ या नोट में बिना पूछे झांकना, दूसरे नेता को "पलायन" या नियंत्रण की स्थिति में दिखाना और संवाद-दौरे के दौरान नर्म दबाव बनाने की चाल चलना आदि के रूप में भी परिभाषित किया गया। दुनिया ने चीन दौरे के दौरान उसी राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'बॉडी लैंग्वेज ' पर भी नज़र रखी।



राष्ट्रपति ट्रंप चीन में अत्यंत संतुलित भाषा का प्रयोग करते और अपने चीनी समक्ष के सामने पूरी नरमी से पेश आते दिखाई दिये। अपनी चीन यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई स्तरों पर बयान जारी किए गए जिनमें इस यात्रा को "ऐतिहासिक" और "सफल" बताया गया। ट्रंप ने अमेरिका वापस लौटने के बाद कहा कि शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक को इतिहास में दो महान शक्तियों (G-2) की ऐतिहासिक मुलाक़ात के रूप में याद किया जाएगा।उन्होंने इस मुलाक़ात को अविस्मरणीय भी कहा। उन्होंने बताया कि यह "दो महान देशों' के नेताओं की मुलाक़ात थी । चीन यात्रा के बाद ईरान पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों यह मानते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को "तुरंत खोलना" ज़रूरी है। परन्तु यह बात ट्रंप ने अमेरिका जा कर तो कही जबकि चीन की ओर से अपने बयान में इस बात का कोई ज़िक्र नहीं हुआ। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को "सौदेबाज़ी की सफलता" और अमेरिकी उद्योगों के लिए बड़े अवसर के रूप में भी पेश किया।

उधर चीन की ओर से ट्रंप को ताइवान को लेकर सख़्त शब्दों में चेतावनी दी गयी जिसके बाद ताइवान मुद्दे पर ट्रंप की भाषा और रुख़ दोनों ही बदल गये। ट्रंप की यात्रा के बाद चीन ने अपनी "रेड लाइन" को दोहराया और ख़ासकर ताइवान मुद्दे पर अपना सख़्त लहजा रखा। चीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति पक्ष के बयानों में ताइवान को अपना "अविभाज्य हिस्सा" बताया गया और यह चेतावनी दी गई कि अगर अमेरिका ने ताइवान के साथ सैन्य-रणनीतिक संबंध बनाए या ताइवान को अधिक हथियार बेचे, तो यह दोनों ताक़तों के बीच "टकराव और यहां तक कि संघर्ष" को न्यौता दे सकता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप के समक्ष चेतावनी भरे अंदाज़ में स्पष्ट शब्दों में ज़ोर देकर कहा कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह चीन का "आंतरिक मामला" है और किसी बाहरी ताक़त को इसमें हस्तक्षेप करने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, 'अगर इसे सही तरीक़े से नहीं संभाला गया तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं। ' संभवतः यह पहला अवसर था जबकि किसी राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष चेतावनी भरे लहजे में 'टकराव और संघर्ष' की बात कही हो।

चीन की इस चेतावनी के बाद जो अमेरिका व्यवहार में ताइवान को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक व सैन्य सहयोगी मानता आया है, उसे चीन से अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार देता है और चीन के विरोध के बावजूद उसकी स्वतंत्र-जैसी स्थिति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक तौर पर समर्थन देता है। उसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान को चीन से वापसी के बाद अब औपचारिक रूप से ताइवान को आज़ादी का ऐलान करने के ख़िलाफ़ चेतावनी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि 'मैं नहीं चाहता कि कोई स्वतंत्रता की ओर बढ़े। ट्रंप ने यह भी कहा कि 'सोचिए, हमें युद्ध लड़ने के लिए 9,500 मील दूर जाना पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हालात शांत हों। मैं चाहता हूं कि चीन भी शांत रहे। ' ग़ौरतलब है कि जो अमेरिका क़ानूनी तौर पर ताइवान को आत्मरक्षा के लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए बाध्य था उसी अमेरिका को चीनी राष्ट्रपति की चेतावनी के बाद चीन के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने के कारण अब संतुलन साधना पड़ रहा है। उधर चीन स्पष्ट रूप से ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। और वो ये भी कहता रहता है कि जरूरत पड़ने पर वह बल प्रयोग से उसे अपने अधीन कर सकता है।

चीन ने ईरान युद्ध को लेकर भी अमेरिकी रुख़ का समर्थन करने के बजाये इसे इस तरह की लड़ाई बताया जो "मूल रूप से होनी ही नहीं चाहिए थी" गोया अमेरिका-इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध। चीन ने अमेरिका और ईरान के बीच जल्द समाधान की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया। व्यापारिक स्तर पर भी ट्रंप को उतनी बड़ी सफलता हासिल नहीं हुई जितनी उम्मीद की जा रही थी। क्योंकि उनके साथ एलन मस्क,टिम कुक,जेन्सेन हुआंग,संजय मेहरोत्रा,केली ऑर्टबर्ग जैसे विश्व के 17 प्रमुख अमेरिकी उद्योगपति और कॉर्पोरेट अधिकारी बीजिंग गए थे। कुल मिलाकर ट्रंप को बीजिंग से जहां ताइवान को लेकर चेतावनी मिली वहीं ईरान मामले को लेकर भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका। ट्रंप की इस यात्रा के लिये बस यही कहा जा सकता है कि 'बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले'।

# NEET परीक्षा की नई तिथि 21 जूनः योग दिवस पर शिक्षा व्यवस्था के आत्ममंथन का अवसर



शाश्वत तिवारी

▪ स्मार्ट हलचल

राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (NEET) की नई तिथि 21 जून घोषित होना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था के सामने खड़े गहरे प्रश्नों का प्रतीक बन गया है। जिस परीक्षा से लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का निर्धारण होता है, उसी परीक्षा को लेकर बार-बार उठ रहे विवाद, अव्यवस्था, पेपर लीक और तिथि परिवर्तन ने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के मन में असुरक्षा और अविश्वास का वातावरण उत्पन्न किया है।

ऐसे समय में अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती का वीडियो संदेश केवल परीक्षा पर प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र की शिक्षा और नैतिक व्यवस्था पर गंभीर चिंतन का आह्वान प्रतीत होता है। 21 जून का दिन विश्व योग दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाता है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है। विडंबना यह है कि जिस दिन विश्व भारत की योग परंपरा को सम्मान देगा, उसी दिन भारत के लाखों विद्यार्थी तनाव, अनिश्चितता और प्रशासनिक असफलताओं के बीच परीक्षा देने को विवश होंगे। स्वामी जी ने अपने संदेश में जिस "तिथि और प्रशासनिक विफलता" की बात कही, वह आज देश के हर छात्र और अभिभावक की पीड़ा बन चुकी है। परीक्षा केवल प्रश्नपत्र हल करने की प्रक्रिया नहीं होती, यह वर्षों की मेहनत, सपनों, त्याग और मानसिक संतुलन की परीक्षा भी होती है। जब बार-बार परीक्षा तिथि बदले, सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न उठें और पारदर्शिता संदेह के घेरे में आए, तब सबसे अधिक आघात विद्यार्थियों के मनोबल पर पड़ता है। भारत सदैव गुरु-शिष्य परंपरा और ज्ञान की पवित्रता का केंद्र रहा है। यहाँ शिक्षा को "विद्या ददाति विनयम्" कहा गया। लेकिन जब शिक्षा व्यवस्था प्रतियोगिता की अंधी दौड़, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के बोझ तले दबने लगे, तब समाज के संतों और चिंतकों का बोलना आवश्यक हो जाता है। योग दिवस का वास्तविक संदेश आत्मसंयम, अनुशासन और संतुलन है। यदि शासन और प्रशासन इन मूल्यों को अपनाए, तो परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वास दोनों स्थापित हो सकते हैं। आज आवश्यकता केवल नई परीक्षा तिथि घोषित करने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जहाँ देश का कोई भी विद्यार्थी स्वयं को ठगा हुआ महसूस न करे। NEET जैसी राष्ट्रीय परीक्षा केवल मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के डॉक्टरों के चयन की प्रक्रिया है। यदि इस प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, तो उसका प्रभाव आने वाले समय में पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर भी पड़ सकता है। इसलिए यह विषय केवल छात्रों तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय है। स्वामी जी का संदेश इस दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है कि उन्होंने इस मुद्दे को केवल राजनीतिक या प्रशासनिक विवाद के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया। यह समय दोषारोपण का नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में विश्वास पुनर्स्थापित करने का है। 21 जून का योग दिवस यदि आत्ममंथन का अवसर बन जाए, तो संभव है कि भारत की परीक्षा प्रणाली भी अधिक पारदर्शी, अनुशासित और छात्रहितैषी दिशा में आगे बढ़े। देश के लाखों विद्यार्थी केवल परीक्षा नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण अवसर चाहते हैं, और यही किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

